हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, गुरुवार 12 जून 2025

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

13 राजिम मंडल में हुआ पौधारोपण और विकास कार्यों का किया गया भूमिपूजन



14 कबीरदास जातिवाद, छुआछूत, अंधविश्वास के रहे घोर विरोधीः विधायक






# NEET/JEE के लिए भिलाई सुपर 30 में प्रवेश प्रारंभ-आनंद कुमार

जो छात्र NEET व JEE की तैयारी करना चाहते है उनके लिए एक सुनहरा अवसर है कि सुपर 30 भिलाई में नामांकन टेस्ट प्रारंभ हो गया है। इसमें 30 छात्रों को निःशुल्क NEET व JEE की तैयारी करवाया जाएगा, जिसका चयन प्रक्रिया ऑनलाईन व ऑफ लाइन परिक्षा के माध्यम से होगा। 30 चयनित छात्रों को आनंद कुमार के मार्गदर्शन में NEET व JEE का तैयारी करवाया जाएगा इसमें IITians डॉक्टर व एक्सपर्ट शिक्षकों के द्वारा पढ़ाया जाएगा, जिसमें 6 घंटो का क्लास प्रत्येक रविवार को NEET व JEE पर आधारित टेस्ट लिया जाएगा।

दिसंबर से सप्ताह में 3 टेस्ट व अप्रैल में प्रत्येक दिन टेस्ट लिया जाएगा। पिछले वर्ष 30 छात्रों में से 16 छात्रों का चयन हुआ, इस वर्ष 22 से अधिक छात्रों का चयनित होने की संभावना है। यह संस्था पूरे



भारतवर्ष में एकलौती संस्था है। एक नही तीन बार शत प्रतिशत छात्र चयनित हुए है। इसमें सभी वर्ग के लोग आवेदन कर सकते है। यह परिक्षा 12 व 13 जून को ऑनलाईन व ऑफलाइन होगा व परिणाम 14 जून को घोषित होगा।

इस तैयारी का मुख्य उद्देश्य ऐसे छात्रो का चयन करवाना है जो पैसो के आभाव में डॉक्टर व इंजीनियर बनने का अपना सपना पूरा नही कर पाते। यह एक समाजिक पहल है, जो छत्तीसगढ़ वासियों के लिए वरदान साबित होगा, क्योंकि सुपर 30 से कई बार पूरे के पूरे छात्र चयनित हुए है। अब आनंद सर के मार्गदर्शन से छत्तीसगढ़ वासियों को यह सुविधा मिल रहा है **अधिक जानकारी के लिए मोबाईल नं. 9243226707, 9202581591, 7415295273 पर संपर्क कर सकते हैं।**

ADVT.


## खबर संक्षेप

### विधायक रोहित साहू जनदर्शन सप्ताह में दो दिन रहेंगे उपस्थित



**छुईहा बेलर।** राजिम विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा सिर्रीखुर्द ने कहा कि माननीय विधायक रोहित साहू का आम जनता की समस्या को सुनने और समाधान करने सप्तांह में दो दिन सोमवार और शुक्रवार को विधायक निवास राजिम जनदर्शन में जनता के लिए उपस्थित रहेगें। पुर्व में यह क्रम प्रतिदिन था। विधायक जी अब सप्तांह में दो दिन जनदर्शन के अलावा अन्य दिनों में अपने निर्वाचन क्षेत्रों का दौरा, सगंठन बैठक, शासकीय आफिशियल बैठक में शिरकत करेंगे। विधायक प्रतिनिधि ने आम जनता से आग्रह किया है कि अपना किमती समय नियत निर्धारित समय पर उपस्थिति देवें।

### रेत माफियाओं ने किया पत्रकारों पर हमला

**कोपरा।** राजिम क्षेत्र में अवैध रेत खनन की कवरेज करने पहुंची पत्रकारों से मारपीट का मामला सामने आया है, हद तो तब हो गई जब पत्रकार जान बचा कर भागे तो रेत माफियाओं ने हवा में फायरिंग भी शुरू कर दी। हमारे लोकतंत्र चौथे आधार स्तंभ कहे जाने वाले पत्रकारों पर इस तरह की जानलेवा हमला एवं उनसे बदसुलूकी होना एक गंभीर मामला है।

### राजिम के वार्ड नं 14 में हुआ पौधारोपण



**राजिम।** विधायक रोहित साहू के जन्मदिन के अवसर पर राजिम नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 14 में सभापति कुलेश्वर साहू ने मुहल्ले के बच्चो के साथ पौधारोपण किया।

### योजना पर संकट के बादल – 8 माह बाद भी अधूरी, अफसर नाराज़

# कछुआ चाल से चल रही जल प्रदाय योजना सुपेबेड़ावासी अब भी दूषित पानी पीने को मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के किडनी बिमारी से पीड़ित सुपेबेड़ा समेत 9 गांव के 2074 परिवार को तेलनदी से फ्लोराइड रहित पेयजल उपलब्ध कराने बनाई गई सामुदायिक जल प्रदाय योजना 8 माह बाद भी पुरा नहीं हुआ।अतरिक्त समय देने के बावजूद ठेकेदार महज 30 फीसदी ही काम कर पाया है। निरीक्षण करने पहुंचे आला अफसर अब ठेका कंपनी पर कार्रवाई की तैयारी कर रहे हैं।

■ ठेकेदार को मिल रही मोहलत पर मोहलत, क्या नदी मे बह जाएगी करोड़ों की योजना

राज्य सरकार की प्राथमिकता में शामिल सुपबेड़ा सामुहिक जल प्रदाय योजना के निर्माण में कोताही बरती जा रही है। निर्माण की कछुआ चाल से नाराज अफसरों ने ठेका कंपनी पर कार्रवाई की तैयारी कर रहे है आज इस महत्वपूर्ण कार्य को देखने राजधानी से पीएचई के प्रमुख अभियंता टी डी शांडिल्य, अधीक्षण अभियंता रायपुर मंडल समीर गौड़ सुपेबेड़ा पहुंचे तेलनदी के सेनमुडा घाट पर चल रहे हेड वर्क का निरक्षण किया। काम की गति से अफसर नाराज दिखे गुणवत्ता पर संतोष जाहिर तो किया पर योजना के प्रगति प्रतिशत पर नाराजगी जाहिर किया कार्यपालन अभियंता विप्लव धृतलहरें को अफसरों ने ठेका कंपनी को नोटिस जारी करने कहा है, साथ ही कार्य में प्रगति लाने निर्देश दिया है। ईई विप्लव धृतलहरे ने बताया कि कार्य 30 फीसदी हुआ है पर जो 70 फीसदी कार्य शेष बचे है, वो कम समय में ज्यादा काम हो सकेंगे दो माह के भीतर कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है।





#### अतरिक्त समय लिया, फिर भी प्रगति नहीं

योजना के लिए बलरामपुर के ठेका कंपनी महावीर बोरवेल से अनुबंध किया गया था। 8.50 करोड़ के इस कार्य को मार्च 2025 में पूर्ण कर लिया जाना था, अब विभाग ने उसे अक्टूबर 2025 तक कार्य करने का समय सीमा तय किया गया है। पिछले 2 माह में काम के प्रगति दिखा उससे पहले 4 माह काम नहीं के बराबर चल रहा था।वहीं विभाग भी कार्रवाई करने में झिझक रहा है, एक वजह यह भी है कि 5 बार इस काम का टेंडर निरस्त हुआ था क्योंकि कोई करने सामने नहीं आ रहा था।

#### सवालों के घेरे में योजना

गरियाबंद जिले के किडनी प्रभावित ग्राम सुपेबेड़ा सामुदायिक जल प्रदाय योजना के कछुआ चाल के चलते सवालो के घेरे मे आ गया है इस योजना के तहत 1250 मीटर पाईप लाईन बिछाई जानी थी जिसमे अबतक केवल 814 मीटर पाईप लाईन ही बिछाई गई है सुपेबेड़ा मे रिमूवल प्लांट और सप्लाई टैंक का निर्माण किया जाना है लेकिन अब भी यह अधूरा है बारिश मे कैसा कार्य पूरा होगा क्योंकि नदी मे बाढ़ के साथ रेत आ जायेगी जो एक बड़े सवाल को जन्म देता है। राज्य स्तर के अफसरो के निरीक्षण के बाद कार्य मे क्या प्रगति देखने को मिलेगी यह समय ही बतायेगा।

#### 9 गांव में होगी पेयजल की सप्लाई

दूषित जल से किडनी रोगियों की संख्या में कमी नहीं आ रही थी, साफ पानी तेल नदी से उपलब्ध कराने योजना की मंजूरी पूर्ववतऍं सरकार ने 2019 से दे दिया था तब से अब तक केवल सरकारों के बोर्ड और होर्डिंग में ही यह योजना नजर आ रहा था योजना के तहत सुंपेबेड़ा के अलावा पास के लगे 9 गांव के 2074 परिवार को तेलनदी का साफ पानी पीने के लिए उपलब्ध कराना था। अधिकांश गांव में जल जीवन मिशन से सप्लाई टंकी का निर्माण हो चुका है लेकिन तेल नदी से सप्लाई करने 1250 मीटर पाइप लाइन बिछाया जाना था जो अब तक 814 मीटर ही बिछाया गया है हेड वर्क के अलावा सुपेबेडा में रिमूवल प्लांट और सप्लाई टैंक का निर्माण होना है जो अब तक अधूरा पड़ा है।





## अमलीपदर में देव स्नान पर्व पर श्रीजगन्नाथ का हुआ गोविंदाभिषेक

**मैनपुर।** मैनपुर विकासखंड के ग्राम अमलीपदर मे आज पवित्र देव स्नान पर्व पर श्री जगन्नाथ मंदिर में महाप्रभु श्री जगन्नाथ जी का गोविंदाभिषेक किया गया मुख्य पुजारी पंडित युवराज पांडे ने बताया पवित्र ग्रंथों और पुराणों के मान्यता अनुसार आज ज्येष्ठ पूर्णिमा को भगवान श्री जगन्नाथ जी बलभद्र जी माता सुभद्रा जी के साथ पवित्र देव स्नान करते हैं। यह पर्व रथ यात्र के 15 दिवस पूर्व भगवान देव स्नान किया जाता है और भगवान को षोडशोपचार एवं पंचोपचार से पुजन पश्चात दिव्य गंगाजल सप्त समुद्र सप्त पवित्र नदियों का चंदन मिश्रित जल से भगवान का देव स्नान किया जाता है।

■ वैदिक मंत्रों और गंगाजल से हुआ देव स्नान, रथयात्रा की तैयारियां हुईं प्रारंभ

ग्राम अमलीपदर में ब्रह्म मुहूर्त में पंच ध्वनि वेद मंत्रें के उच्चारण के साथ प्रातः काल भगवान का पूजा अर्चना आरती हुई तत्पश्चात दोपहर 1 बजे से भगवान की पूजा अर्चना एवं वेद मंत्रें के द्वारा आचार्य पंडित युवराज पांडेय द्वारा भगवान श्री दाऊ बलभद्र माता सुभद्रा एवं जगन्नाथ जी का पवित्र देव स्नान गोविंदाभिषेक से किया गया पं युवराज पांडेय जी ने बताया कि इस वर्ष रथ यात्र महा उत्सव में 24 पहरी नाम यज्ञ का आयोजन किया गया है जो की 28 जुन को कलश यात्र एवं 29 जुन से 1 जुलाई तक निरंतर महामंत्र महानाम जप किया जाएगा एवं नाम यज्ञ तक प्रतिदिन महाभंडारा का आयोजन भी किया गया है। उक्त कार्यक्रम में ग्राम के गणमान्य नागरिक भक्त जगन्नाथ मंदिर परिसर के प्रमुख सेवक गण एवं अमलीपदर ग्राम के समस्त श्रद्धालु पवित्र देव स्नान में उपस्थित होकर के भगवान से सुख समृद्धि की कामना के साथ प्रार्थना किये।

## फिंगेश्वर में 15 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले में नया सवेरा अभियान के तहत अवैध शराब के खिलाफ चल रही कार्रवाई के क्रम में फिंगेश्वर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने 15 लीटर देशी कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

■ नया सवेरा अभियान के तहत अवैध शराब कारोबार पर पुलिस की सख्ती जारी

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अवैध शराब व मादक पदार्थों की रोकथाम हेतु सक्रियता बढ़ाने के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में फिंगेश्वर थाना क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने ग्राम पतोरा तिराहा नहर पुलिया के पास दबिश दी।

दबिश के दौरान कमारपारा छुईहा निवासी कुलेश्वर कमार (40 वर्ष) को संदेह के आधार पर पकड़ा गया। उसके पास से एक सफेद रंग के प्लास्टिक जरकीन में 10 लीटर और एक पीले रंग के जरकीन में 5 लीटर कच्ची महुआ शराब, कुल 15 लीटर शराब (अनुमानित कीमत 3000) बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने कहा है कि नया सवेरा अभियान के तहत ऐसे अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।



**गिरफ्तार आरोपीः** कुलेश्वर कमार (40) निवासीः कमारपारा, छुईहा, थाना फिंगेश्वर, जिला गरियाबंद
**जप्त सामग्रीः** कुल 15 लीटर कच्ची महुआ शराब।

## सहकारी सम्मेलन में गरियाबंद जिला सहकारी प्रतिनिधियों की रही गरिमामयी उपस्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष में राज्यस्तरीय सहकारी सम्मेलन एवं अपेक्स बैंक के अध्यक्ष केदारनाथ गुप्ता के पदभार ग्रहण समारोह के अवसर पर गरियाबंद जिला कोऑपरेटिव सोसाइटी के महाअध्यक्ष जितेंद्र सोनकर के नेतृत्व में पूरे जिले के सोसायटी अध्यक्ष शामिल होकर सीएम विष्णुदेव साय ,छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ रमन सिंह,कृषि मंत्री रामविचार नेताम ,सहकारिता मंत्री केदार कश्यप का गजमाला से स्वागत किया गया।

■ सीएम विष्णुदेव साय व डॉ रमन सिंह का गजमाला से किया स्वागत





#### इन्होंने किया स्वागत

स्वागत करने वालो में सहकारी समिति संघ जिला गरियाबंद के अध्यक्ष जितेंद्र सोनकर,संरक्षक धनीराम साहू, तिहार सिंह ठाकुर, अमर सिंह साहू, छन्नु लाल साहू, महासचिव जनक श्रीवास, कोषाध्यक्ष ललित साहू, उपाध्यक्ष इश्वर साहू, वेशनारायण ठाकुर, सहसचिव बल्लासिंह मरकाम, रक्सा सोसायटी के अध्यक्ष लिकम साहू,जेंजरा सोसायटी के अध्यक्ष महेश साहू,कोमा सोसायटी के अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, कौंदकेरा सोसायटी के अध्यक्ष बाबूलाल साहू, बासीन सोसायटी के अध्यक्ष गोपचंद बेनर्जी, बेलटुकरी सोसायटी के अध्यक्ष चेमन लाल तारक, अश्वनी विश्वकर्मा,बंशी रात्रे, कोमल ढीढी, इतवारी सिन्हा, चतुर राम साहू, मोहन सिंह ठाकुर,कन्हैया लाल ध्रुव, परमेश्वर ध्रुव, हिरामन ध्रुव, रोहित जगत, टीकम शोरी, पंचराम ठाकुर, हलधर सिंह, लोमश ध्रुव, यादराम ध्रुव, लीलाराम साहू, लीलाराम ध्रुव,सुरेश कंवर, हरपाल सिंह दीवान, उमेद सिंह कंवर, लाला राम साहू, उज्जवल नागेश शामिल थे।

### बीईओ कार्यालय का प्लास्टर टूटकर गिर रहा है कभी भी घट सकती है दुर्घटना

# जर्जर बीईओ कार्यालय में खतरे के साए में काम कर रहे कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के तहसील मुख्यालय मैनपुर स्थित विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय मे कार्य करने वाले कर्मचारी एवं अधिकारी अपनी जान जोखिम मे डालकर कार्य करने मजबूर हो रहे है क्योंकि बीईओ कार्यालय का प्लास्टर टूट टूटकर गिर रहा है जिससे कभी भी कोई गंभीर दुर्घटना घटने का अंदेशा है बावजूद इसके इस ओर ध्यान देने वाला कोई नही है।

■ चार माह पहले पीडब्ल्युडी विभाग को मरम्मत के नाम पर मिले थे लाखों रूपए

आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि इस बीईओ कार्यालय के मरम्मत के लिए छह माह पहले लाखो रूपए का बजट लोक निर्माण विभाग को जारी किया गया था और लोक निर्माण विभाग के कार्य एजेंसी द्वारा मरम्मत के नाम पर लीपा पोती कर चलते बना आज भी बीईओ कार्यालय के भीतर कमरो में सीलिंग प्लास्टर टूट–टूटकर गिर रहे है क्या कार्य एजेंसी और संबंधित विभाग के अधिकारी जब इसका मरम्मत कार्य चल रहा था तब इस ओर ध्यान देना उचित नही समझे जिसका खामियाजा यहां कार्यरत कर्मचारियों को उठाना पड़ रहा है साथ ही सबंधित विभाग के कार्यशैली पर भी सवाल खड़ा हो रहा है और क्षेत्र के लोगो ने इस मामले की निष्पक्ष जांच कर दोशियो पर कार्यवाही करने की मांग गरियाबंद कलेक्टर भगवान सिंह उईके, जिला शिक्षा अधिकारी एके सारश्वत एवं एसडीएम मैनपुर से किया है।



#### समझ से परे है एजेंसी का कामः अधिकारी

विकासखंड शिक्षा अधिकारी महेश पटेल ने बताया दो–तीन माह पहले मरम्मत किया गया है लेकिन निर्माण एजेंसी कैसे आधा अधूरा मरम्मत कार्य किया है यह समझ से परे है।

#### जान जोखिम मे डालकर कार्य कर रहे कर्मचारी

उल्लेखनीय है कि तहसील मुख्यालय मैनपुर में लगभग 20 वर्ष पुराने भवन मे विकासखंड शिक्षा कार्यालय संचालित किया जा रहा है और इस भवन का छत पूरी तरह जर्जर हो गया है और प्रतिदिन इस कार्यालय मे बड़ी संख्या मे शिक्षक व अन्य लोग अपने काम के सिलसिले मे आते है नगरवासियों के मांग पर इस कार्यालय के मरम्मत के लिए लाखो रूपए छह माह पहले स्वीकृत हुआ था और मरम्मत कार्य भी प्रारंभ किया गया था लेकिन मरम्मत के नाम पर सिर्फ छत के उपर हल्की सी सिमेंट का परत घोल पिलाकर कार्य को शायद पूर्ण बता दिया गया है जबकि इस भवन के भीतर सिलिंग टूट–टूटकर प्लास्टर सिमेंट गिर रहे है जिससे इस भवन मे काम करने वाले कर्मचारियों मे दहशत और डर बना रहता है जान जोखिम मे डालकर कार्य कर रहे है जब तहसील मुख्यालय मे निर्माण एजेंसी द्वारा ऐसे निर्माण कार्य को अंजाम दिया जायेगा तो दूरस्थ वनांचल क्षेत्रे की बात तो छोड़ ही दीजिए जो जांच का विशय है साथ ही इस निर्माण कार्य मे संबंधित विभाग के भूमिका पर भी सवाल खड़े कर रहा है बहरहाल जो भी हो इन दिनो बीईओ कार्यालय के भीतर कार्य करने वाले कर्मचारियों मे दहशत देखने को मिल रहा है और इस मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्यवाही किया जाना जरूरी है।

## नवापारा में 144 क्वार्टर अवैध शराब बरामद, शराब दुकान के सुपरवाइजर समेत दो गिरफ्तार

**नवापारा-राजिम।** नवापारा से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। पुलिस ने 144 क्वाटर शराब के साथ एक कार को जप्त कर आरोपियो के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। जानकारी के मुताबिक पुलिस ने सीजी 04 बी 5279 को रोका। इस कार में एक कार्टुन रखा हुआ था, जिसमें 144 क्वाटर सोल देशी शराब मशाला जिसकी कीमत करीब 14400 रूपए है। पुलिस के पूछताछ में आरोपियो ने अपना नाम मनोज टंडन 28 वर्ष निवासी सत्यम चौक अभनपुर व लिखेंद्र सोनवानी उम्र 24 वर्ष मौली माता चौक अभनपुर बताया। पुलिस ने आरोपियो को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। जानकारी यह भी मिली है कि आरोपी मनोज टंडन नवापारा शराब दुकान में सुपरवाइजर के पद पर है। वही लिखेंद्र सोनवानी कर्मचारी हैं।



## खबर संक्षेप



### स्वर्णकार समाज के राष्ट्रीय सचिव बने संजीव

**बसना।** रायपुर में स्वर्णकार समाज के संजीव कुमार सोनी को राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर वेदप्रकाश महंत, लक्ष्मी नारायण मंदिर एवं सोनपरी आश्रम के राष्ट्रीय संत गुरु असंग देव ने सोनी को स्नेह व आशीर्वाद प्रदान किया तथा राष्ट्रीय स्तर पर कार्य करने के लिए शुभेच्छा जताई।

### जीवन जागृति के लिए अब प्रति वर्ष 100 किलो चावल दान

**महासमुंद।** मानवीय शिक्षा शोध केंद्र तेंदूवाही पटेवा द्वारा अब प्रति वर्ष जीवन जागृति के लिए अभ्युदय संस्थान अछोटी दुर्ग में जीवन विद्या शिविर करने वालों के लिए भोजन व्यवस्था के लिए 100 किलो शुद्ध आर्गेनिक चावल दान स्वरूप प्रदान किया जाएगा। आश्रम संचालक शिक्षक गेंदलाल कोकडिया ने बताया कि नौकरी से प्राप्त धन को जीवन विद्या की समझ के अनुरूप स्वधन नहीं मानते, इसीलिए उनका प्रयास रहता है कि नौकरी का धन योग्य स्थान और श्रेष्ठ कार्यों में ही खर्च हो, अभ्युदय संस्थान अछोटी एक पवित्र जगह है, जहां हर माह औसतन 1000 नए लोगों को जीवन विद्या शिविर करवाया जाता है, जिसे भोजन व आवास व्यवस्था संस्थापक परिवार जन स्वयं करते हैं। छग राज्य शैक्षिक अनुसंधान व प्रशिक्षण परिषद के साथ मिलकर एक साल वे स्वयं यहां आवास कर जीवन विद्या का अध्ययन किए थे, इसीलिए उनका परिवार अपनी मेहनत का 100 किलो चावल प्रति वर्ष दान करेगा।

## विडंबना: इस पंचायत के हैं 2 विधायक, फिर भी समस्या का कोई समाधान नहीं

# चावल लेने के लिए 9 किलोमीटर का सफर करने मजबूर है ग्रामवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भंवरपुर

बसना ब्लॉक अंतर्गत आने वाले कांदाडोंगर गांव के ग्रामीण लोगों को चावल लेने के लिए 8-9 किलोमीटर का सफर तय करना पड़ता है। यह समस्या गांव में चावल वितरण की व्यवस्था न होने के कारण हो रही है। जिससे गांव के ग्रामीण आए दिन काफी मुश्किलों का सामना करने मजबूर हैं। ज्ञात हो कि पलसापाली (ब) के आश्रित ग्राम कांदाडोंगर में कोई भी उचित मूल्य की दुकान नहीं है। जिसके कारण कांदाडोंगर के ग्रामीणों को पड़कीपाली, झारबंद व भंवरपुर होते हुए लगभग 8-9 किलोमीटर की दूरी तय करके राशन लेने के लिए पंचायत मुख्यालय पलसापली(ब) जाना पड़ता है।




**जनपद सदस्य ने समाधान शिविर में नए राशन दुकान खोलने दिया आवेदन, कहा: समस्याओं का हो समाधान**

### ग्रामीणों की परेशानी

ग्रामीणों को चावल लेने के लिए लंबा सफर तय करना पड़ता है, जिससे उन्हें परेशानी होती है। उन्हें अपने दैनिक कार्यों को छोड़कर चावल लेने जाना पड़ता है, जिससे उनके समय और ऊर्जा की बर्बादी होती है।

### सरकार की जिम्मेदारी

सरकार की जिम्मेदारी है कि वह कांदाडोंगर में रहने वाले लोगों को उनके घर के पास ही चावल और अन्य आवश्यक वस्तुओं की सुविधा प्रदान करे। लेकिन सरकार अपनी जिम्मेदारी को पूरा नहीं कर रही है, जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### क्या है ग्रामीणों की मांग?

ग्रामीणों ने चर्चा के दौरान बताया कि वे सालों से लंबा रास्ता तय कर चावल लेने जाने मजबूर हैं। इसके चलते उन्हें बहुत सारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। शासन- प्रशासन कांदाडोंगर गांव में चावल वितरण की व्यवस्था करें और ग्रामीणों को उनके घर के पास ही चावल और अन्य आवश्यक वस्तुओं की सुविधा प्रदान करे। जिससे ग्रामीणों की परेशानी दूर हो जाएगी और उन्हें अपने कार्यों पर ध्यान केंद्रित करने का मौका मिलेगा।

### जनपद सदस्य ने समाधान शिविर में दिया आवेदन, कहा समस्याओं का हो समाधान

भंवरपुर क्षेत्र क्रमांक 10 के जनपद सदस्य कृष्ण कुमार पटेल ने इस समस्या को देखते हुए बीते दिनों भंवरपुर में हुए समाधान शिविर में उक्त संबंध में कांदाडोंगर गांव के लिए नया राशन दुकान खोलने आवेदन दिया है। साथ ही कहा है कि कांदाडोंगर में रहने वाले लोगों को चावल लेने के लिए 8 से 9 किलोमीटर का सफर तय करना पड़ता है, जो कि एक बड़ी समस्या है। शासन-प्रशासन को चाहिए कि वह इस गांव में चावल वितरण की व्यवस्था करे और एक उचित मूल्य की दुकान वहां खोले जिससे ग्रामीणों को उनके घर के पास ही चावल और अन्य आवश्यक वस्तुओं की सुविधा मिल सके।

### इस पंचायत के 2 विधायक, फिर भी समस्या का कोई समाधान नहीं

पलसापली (ब) पंचायत एक ऐसा पंचायत है। जिसके अंतर्गत 2-2 विधायक आते हैं। इस पंचायत के मतदाता दो विधायकों का चुनाव करते हैं उसके बावजूद आज इस पंचायत की स्थिति दयनीय है। बता दें कि पलसापली (ब) पंचायत अंतर्गत आश्रित ग्राम कांदाडोंगर, झारबंद आते हैं। जिसमें पलसापली(ब) व कांदाडोंगर बसना विधानसभा जिसके विधायक भाजपा से संपत अग्रवाल हैं व झारबंद गांव सरायपाली विधानसभा जिसके विधायक चातुरी नंद कांग्रेस से हैं। इसके बावजूद ग्रामीणों की स्थिति यह है कि 9 किलोमीटर दूर चावल लेने जाने मजबूर हैं।

## गुरु सिंघ सभा में अमरजीत का हुआ स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

झलप में छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग अध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा का गुरुद्वारा झलप में भव्य स्वागत हुआ। छाबड़ा के आगमन के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, भाजपा नेता राहुल चंद्राकर, आनंद साहू, मंडल अध्यक्ष चंद्रहास गोलू चंद्राकर मौजूद रहे। इस अवसर पर सिख समाज से पप्पू सलूजा, महेंद्र सलूजा, मंजीत सलूजा, सीटू सलूजा, शम्मी सलूजा, कुलजीत सलूजा, सुरजीत नारंग, गोल्डी सलूजा, रिंकू सलूजा, गोल्डी सलूजा, बलजीत आजमानी, विंकल आजमानी, हनी गंभीर, रिक्की चावला, राजा खोसा, नवदीप सलूजा, सन्नी आजमानी, अनमोल आजमानी, हरजीत सलूजा, कमल सलूजा, अमित खनूजा व मुस्लिम जमात से मो. यूनुस खान के साथ ही भाजपा मंडल महामंत्री राकेश साहू, कमल कौशिक, निर्भय नायक, पोतदार सोनवानी, संतोष पंडा, बीरसिंह निषाद, रज्जन गुप्ता, बेदराम साहू, देवेंद्र राय आदि भी मौजूद रहे।

## मवेशियों का बीच सड़क पर जमावड़ा

**नर्रा।** कोमाखान से खट्टी मार्ग पर स्थित पानी टंकी के आसपास घुमंतू मवेशियों के बीच सड़क पर जमावड़े से लोग परेशान हैं। इससे दुर्घटना की संभावना बना रहता है। शाम होने के बाद मवेशी नर्रा के पंचायत भवन के पास कम से कम दो दर्जन से अधिक मवेशी का अड्डा बन चुका है। वही कुछ मवेशी सड़क के बीचोंबीच खड़े व बैठे रहते है। इस मार्ग पर बस ट्रक हाइवा मेटाडोर पिकअप के अलावा मोटर साइकिल इत्यादि चलती है। इन मवेशी से दुकानदार भी परेशान है। दुकानें बंद होने के बाद मवेशी गोबर कर देती है। मवेशी मालिकों द्वारा अपने गाय-बैलों की सुध नहीं ली जा रही है। इस तरह कोमाखान से खट्टी मार्ग किनारे कांटेदार बेर, गंगा इमली, बबूल इत्यादि के छोटे-छोटे पौधे उग गए, जिससे रात्रि में चालक व राहगीरों को चलने में परेशानी होती है। यदि दोनों तरफ से चार पाहिया वाहन आने से साइड देते नहीं बनता और तो और गाड़ी की लाइट के कारण दिखाई नहीं देता। इस कारण आए दिन दुर्घटना घट रही है। हाल ही में झलमला नाला के पास दो मोटर साइकिल आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। मोटर साइकिल में सवार दो लोगों का हाथ पैर टूटने व एक की मौत होने की खबर है।



## तेंदूकोना में हुई संकुल स्तरीय आवश्यक बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तेंदूकोना

संकुल केंद्र तेंदूकोना विकासखंड बागबाहरा का प्राचार्य, समन्वयक, प्रधान पाठक शासकीय एवं निजी स्कूलों का बैठक हुई। जिसमें शाला लगने की पूर्व तैयारी में सभी स्कूलों की सफाई, रंग रोगन, पेयजल, विद्युत और स्कूलों की लघु मरम्मत सुविधाओं पर कार्य करने का निर्णय लिया गया। गुणवत्ता वर्ष होने के कारण विद्यार्थियों में शैक्षणिक गुणवत्ता में प्रगति लाने पर जोर एवं शिक्षकों की उपस्थिति नियमित रूप से समय पर हो निश्चय किया गया।



यूडाइस में स्टूडेंट प्रोग्रेशन दो दिवस के भीतर पूर्ण करने का समय निर्धारित की गई है। टीबीसी एप में समस्त शिक्षकों को पंजीयन कर पाठ्यपुस्तक स्कैनिंग कार्य पूर्ण करने का प्रशिक्षण व निर्देश दिए गए। जाति प्रमाणपत्र बनाने व अपार आईडी जनरेट करने का लक्ष्य पूरा करने हेतु सुझाव दिए गए। संकुल प्रभारी सोन सिंह दीवान प्राचार्य शास.उच्च.माध्यमिक विद्यालय तेंदूकोना के विशेष दिशानिर्देशों से यह बैठक हुई। बैठक में प्रमुख रूप से संकुल समन्वयक रामचरण ध्रुव, प्रधान पाठक अंजोर सिंह बरिहा, देवकुमार साहू, रामनारायण साहू, नैनसिंह दीवान, कमला सोनी, मिथलेश कुमार दीवान, डेमन दीवान, बेनीराम चक्रधारी, रीतू साहू, कृष्णकुमार पांडे, मालती साहू, सरस्वती शिशु मंदिर से प्राधानाचार्य दसरी साहू आदि उपस्थित रहे।

## क्षेत्र में धान बुआई शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

ज्येष्ट माह के विदाई आषाढ़ माह का आगमन हो रहा है। मानसून के ब्रेक लगने से किसान चिंतित है। बारिश नहीं होने एवं तेज धूप व उमस भरी गर्मी से लोग हलाकान है। क्षेत्र में ट्युवेल साधन संपन्न वाले किसान रोपाई के लिए बीज डालना शुरू कर दिया है। वहीं कुछ बारिश पर निर्भर किसानों ने भी रोपाई के लिए बीज के साथ ही धान की बुआई कार्य में जुट गए हैं। बता दें कि मानसून कमजोर पड़ने से बारिश को लेकर चौक चौराहे पर बैठे किसान चर्चा जरूर कर रहे है, लेकिन कोई कह रहा कि मानसून 15 जून के बाद ही आने की संभावना है। क्षेत्र में झमाझम बारिश का इंतजार है। तभी धान बुआई कार्य में गति आयेगी। लेकिन किसान खेतों की ओर हलचल जरूर बढ़ गई है। किसान खेतों में कांटे व खरपतवार की साफ सफाई कार्य व गोबर खाद का बिखराव करने में लग गए है। इधर, क्षेत्र के सोसायटियों में किसान धान बीज उठाव तो कर रहे है, लेकिन डीएपी खाद की किल्लत से परेशानी बढ़ गई है। ठीक रोपा बियासी के समय पर नहीं मिला तो बाजार से महंगे दामों पर खरीदने को मजबूर होना पड़ सकता है।

## शहीद एएसपी आकाश राव को दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सुकमा जिले के कोंटा क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी विस्फोट में शहीद हुए एएसपी आकाश राव गिरिपुंजे को श्रद्धांजलि देने के लिए खरोरा स्थित शहीद स्मारक में एक भावभीनी सभा का आयोजन किया गया। यह श्रद्धांजलि सभा अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद द्वारा आयोजित की गई। एएसपी आकाश राव एक साहसी, निष्ठावान और कर्तव्यपरायण पुलिस अधिकारी थे।

उनकी वीरता और ईमानदारी के लिए उन्हें कई गैलेंट्री अवॉर्ड्स से सम्मानित किया जा चुका था। उनकी शहादत राष्ट्र और समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। सभा में उपस्थित सभी लोगों ने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्ज्वलित कर उन्हें नम आंखों से श्रद्धांजलि दी। अंत में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत अधिकारी के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की गई। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राशि महिलांग, परिषद के अध्यक्ष युवराज चंद्राकर, पूर्व सैनिक प्रदीप चंद्राकर (सीनियर), आरपी साहू, नारायण चंद्राकर, नंदकिशोर सिन्हा, प्रदीप चंद्राकर (जूनियर), मायाराम साहू, सहदेव ध्रुव, अंजना चंद्राकर, केशरी साहू, आकांक्षा पांडे एवं सर्व समाज के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।



### एएसपी आकाश राव को दी गई श्रद्धांजलि

महासमुंद। ग्राम खरोरा में शहीद एएसपी आकाश राव को श्रद्धांजलि दी गई। जिसमें मितानिन कौशल्या चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर, अंजू चंद्राकर, भूषण चंद्राकर, रामेश्वरी चंद्राकर, जया चंद्राकर, कमलेश चंद्राकर, दामिनी चंद्राकर, मुकेश चंद्राकर आदि मौजूद रहे।



### एडीईओ की परीक्षा 15 को

**धमतरी।** व्यापमं व्दारा रविवार 15 जून को धमतरी जिले में सहायक विकास विस्तार अधिकारी भर्ती परीक्षा (एडीईओ) एक पॉली में प्रातः 10 से 12:15 बजे तक 38 केन्द्रों में होगी। परीक्षा में कुल 10340 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा के लिए डॉ.विनोद पाठक समन्वयक एवं अपर कलेक्टर पवनकुमार प्रेमी को नोडल अधिकारी बनाया गया है। परीक्षा संचालन के लिए समन्वयक केन्द्र पीजी महाविद्यालय धमतरी एवं जिला नोडल अधिकारी व्दारा पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए है।

## गायत्री शक्तिपीठ में नि:शुल्क कराए जाते हैं 16 प्रमुख संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारतीय संस्कृति के पुनरुत्थान और जीवन में संस्कारों की पुनर्स्थापना के लिए अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा देश-विदेश में अनेक शक्तिपीठ, प्रज्ञापीठ, चेतना केंद्र एवं प्रज्ञा मंडलों की स्थापना की गई है। इन स्थानों को जागृत तीर्थ के रूप में विकसित किया गया है, जहां प्रतिदिन भारतीय संस्कृति में वर्णित 16 संस्कार निःशुल्क कराए जाते हैं। इसी कड़ी में गायत्री शक्तिपीठ बरोंडा चौक महासमुंद में भी नियमित रूप से यह सेवा जारी है। यहां प्रतिदिन प्रातः 7 बजे महिला मंडल एवं पुरोहितों द्वारा यज्ञ सम्पन्न कराया जाता है। साथ ही इच्छुक श्रद्धालुओं के लिए पुंसवन, नामकरण, दीक्षा, विद्यारंभ, मुंडन, विवाह, जन्म दिवस सहित अन्य संस्कार भी निःशुल्क सम्पन्न कराए जाते हैं। विशेष पर्वों जैसे गायत्री जयंती, बसंत पंचमी, गुरु पूर्णिमा, नवरात्रि आदि पर 05 कुंडीय यज्ञ एवं विभिन्न संस्कार कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। पितृपक्ष के दौरान प्रतिदिन तर्पण कार्यक्रम आयोजित होता है, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु भाग लेकर लाभान्वित होते हैं। वर्ष 2024-25 में गायत्री शक्तिपीठ महासमुंद द्वारा अनेक संस्कार संपन्न कराए गए हैं। पुंसवन संस्कार 196, नामकरण संस्कार 19, मुंडन 22, विद्यारंभ संस्कार 135, यज्ञोपवीत (जनेऊ) एवं दीक्षा संस्कार 65, विवाह दिवस 30, जन्मदिवस 218, विवाह संस्कार 215, गृह प्रवेश एवं अन्य संस्कार 76, पिंडदान(श्राद्ध तर्पण) 225, मृत्युत्तर संस्कार ( दाह संस्कार व बरसी) 15 शामिल है। जिन्हे स्वयं अथवा अपने बच्चों का कोई भी संस्कार कराना हो वे कम से कम एक दिन पूर्व पंजीयन करा सकते हैं। जिससे समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।



## महासमुंद के राजीव भवन में कांग्रेसियों ने पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

# पुण्यतिथि पर विद्याचरण को कांग्रेसियों ने किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ के प्रतीक, महासमुंद की पहचान पूर्व कैबिनेट मंत्री झीरम घाटी के शहीद पंडित विद्याचरण शुक्ला की पुण्यतिथि के अवसर पर महासमुंद के राजीव भवन में पुष्पांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। जिनका राजनीतिक जीवन छह दशकों तक फैला हुआ है। 1957 के आम चुनाव में वे बलौदा बाजार निर्वाचन क्षेत्र से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के टिकट पर लोकसभा में संसद सदस्य चुने गए। वे दूसरी लोकसभा के सबसे कम उम्र की सांसदों में से एक बने। इसके बाद वे 1962, 1964 (उपचुनाव),1967, 1980, 1984, 1989 में महासमुंद के सांसद के रूप में निर्वाचित हुए। 1977 और 1998 में रायपुर से सांसद चुने गए। 2004 में महासमुंद से लोकसभा चुनाव हार गए। शुक्ल कुल 9 बार लोकसभा के लिए सांसद चुने गए। जब इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री बनीं तो शुक्ल 1967 से 1977 तक इंदिरा की अधीन राज्य मंत्री रहे। राजीव गांधी के मंत्रिमंडल में भी मंत्री रहे। बाद में प्रधानमंत्री वीपी सिंह के साथ मंत्री बने। प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के सरकार में मंत्री रहे। प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव के सरकार में मंत्री के पद पर कार्य करते रहे। विद्याचरण शुक्ल छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पार्टी की परिवर्तन यात्रा का हिस्सा रहे, जब 25 मई 2013 को नक्सली हमले में वे घायल हो गये, गुड़गांव के मेदांता अस्पताल में 11 जून 2013 अपने प्राण त्याग दिए। पंडित विद्याचरण के निधन से एक युग की समाप्ति हो गई। छत्तीसगढ़ निर्माण को लेकर अनेकों धरना प्रदर्शन किए, छत्तीसगढ़ के निर्माण में पंडित विद्याचरण शुक्ला की अहम भूमिका रही।



श्रद्धांजलि सभा में चातुरीनंद सरायपाली विधायक, खिलावन बघेल पूर्व बोर्ड उपाध्यक्ष एवं शहर अध्यक्ष, दाऊलाल चंद्राकर पूर्व सदस्य छत्तीसगढ़ शासन, हीरा बंजारे पूर्व मंडी अध्यक्ष, पूर्व प्रभारी महामंत्री संजय शर्मा, मनोजकांत साहू पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, सोमेश दवे संयुक्त महामंत्री, गुरमीत चावला महामंत्री, अमन चंद्राकर जिला अध्यक्ष युवक कांग्रेस, गौरव चंद्राकर महामंत्री, करण दीवान ब्लॉक अध्यक्ष, सूरज नायक पार्षद, अक्षय साकरकर, नितेंद्र बैनर्जी सेवादल, कातिका पैकरा सचिव शहर कांग्रेस, सोनम रामटेके सचिव शहर कांग्रेस, गोविंदराम साहू पूर्व जिला पंचायत सदस्य, मोती साहू, मेहुल सूचक, दिनेश दुबे, रवि साहू, रवि ध्रुव, भानु सोनी एवं अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## सात साल पहले किए काम की मजदूरी मांगने कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मनरेगा के तहत कराए गए तालाब गहरीकरण की मजदूरी ग्रामीणों को सात साल बाद भी नहीं मिली है। इतना ही नहीं, रोजगार सहायक ने किसी भी ग्रामीण के जाब कार्ड में मजदूरी दिवस की एंट्री तक नहीं की है। परेशान मजदूर भुगतान के लिए पंचायत से लेकर कलेक्टर कार्यालय तक गुहार लगा चुके हैं। एक बार फिर वे मजदूरी की मांग को लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे। कलेक्टर से गुहार लगाने पहुंचे ग्राम पंचायत झिलमिला व आश्रित गांव नवागांव के 50-60 ग्रामीणों ने बताया कि वर्ष 2018-19 में 9.76 लाख रुपये की लागत से गहरीकरण किये जा रहे नवा तालाब में मजदूरी की, पर आज तक अपने काम की मजदूरी नहीं मिली। यहाँ जितने भी लोग हैं उनका 03 हफ्ते से लेकर 06 हफ्ते की मजदूरी आज तक नहीं मिली। उन्होंने बताया कि 210 रुपये प्रति दिवस के हिसाब से 4410 रुपये से लेकर 8820 रुपये मजदूरी बाकी है।

## खबर संक्षेप

### प्रदेश को नशे मे डुबा देना चाहती है सरकारः यादव'

**मैनपुर।** ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री गेंदू यादव ने छत्तीसगढ में ताजी बियर मिनी प्लांट लगाने के फैसले की निंदा करते हुए कहा भाजपा सरकार छत्तीसगढ़ को आकंठ मे डूबा देना चाहती है भाजपा का चाल चरित्र और चेहरा सरकार के निर्णय से स्पष्ट दिखाई पड़ रहा है उन्होने कहा जिस तरह गांव गांव अवैध शराब गांजा उपलब्ध कराई जा रही है उससे प्रदेश के युवाओ का भविष्य बर्बाद होता दिखाई पड़ रहा है प्रदेश के युवाओ के भविष्य को संवारने के बजाय सरकार उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री गेन्दू यादव ने कहा भाजपा सरकार नये नये शराब के दुकान खोल रही है और चुनाव से पहले शराब बंदी का बात कर सत्ता प्राप्त करने वाली भाजपा अपने वादा से मुकर रही है।



### मारपीट करने वाले चार लोगों पर अपराध दर्ज

**महासमुंद।** सरायपाली में एक युवक के साथ मारपीट करने के मामले में चार लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को कृष्णा बाघ निवासी वार्ड नंबर 11 बाजारपारा सरायपाली ने बताया कि 9 जून की रात करीब 9 बजे बस से सरायपाली शीतला मंदिर के पास से उतरा था, उसी समय रूपेश यादव मोटर सायकल से आया जिसके साथ वह बैठकर महलपारा बांधा तालाब के पास गया। जहां पर रूपेश यादव पुरानी रंजिश वश उसे गाली देकर जान से मारने की धमकी देते हुये हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा, तभी टिकेश्वर राव ऊर्फ टिकू, जीवन कौर, मुकेश राव तथा उसके मोहल्ले के लोग डंडा, राड लेकर आये और सभी ने मिलकर मारपीट की। बेहोश होने पर इलाज के लिए शासकीय अस्पताल सरायपाली ले जाया गया। इसके बाद उसने जिला अस्पताल महासमुंद से इलाज कराया। मामले में रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### दो लोगों से कच्ची शराब बरामद

**महासमुंद।** ग्रामीण इलाके में हो रही अवैध शराब बिक्री के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। आबकारी विभाग ने मंगलवार को अखराभाठा टुकड़ा निवासी सूरज बारीक के कब्जे से 30 बल्क लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब और शराब परिवहन में प्रयुक्त टीवीएस स्कूटी जूपिटर जब्त की। वहीं, ग्राम बेलडीही पठार निवासी चंद्रमणि मिरी के कब्जे से 15 बल्क लीटर कच्ची शराब बरामद की गई। आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 46(1), 46(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। इस कार्रवाई में आबकारी वृत बसना प्रभारी दरसराम सोनी, आबकारी उपनिरीक्षक सांकरा वृत्त प्रभारी एचके त्रिपुड़े, पिथौरा वृत्त प्रभारी मिर्जा जफर बेग, एवं प्रधान आरक्षक राजकिशोर पांडे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## मराठा समाज की मातृशक्तियो ने की बरगद की पूजा



राजिम। मराठा समाज राजिम की सुहागिन महिलाओं ने ज्येष्ठ पूर्णिमा वट सावित्री के अवसर पर बरगद वृक्ष की पूजा, अर्चना, परिक्रमा कर पति की अच्छे स्वास्थ्य, लंबी आयु की कामना की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज की मातृशक्तियां शामिल थी।

## राजिम के परतेवा में सालभर से अधूरी जल टंकी निर्माण, जिम्मेदार बेपरवाह

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजिम

राजिम के परतेवा गांव में टंकी निर्माण बहुत ही कछुआ चाल से हो रहा है। साल भर से यह बन ही रहा है मगर जिम्मेदार अफसरो का ध्यान जरा भी नही है। पिछले पांच महिने से यहां के नवनिर्वाचित सरपंच षटकोण साहू और पूरा ग्राम पंचायत के पंच परमेश्वर अफसरो का ध्यान आकर्षित करते-करते थक गए मगर उनके कानो में जूं तक नही रेंगी। सरपंच षटकोण ने बताया कि यह सुखाग्रस्त एरिया है। 700 फीट खनन करने के बाद भी मुश्किल से एक हार्स पॉवर का मशीन चलना मुश्किल होता है। बोरिंग का पानी पीने योग्य नही है। पर्याप्त पानी भी नही निकलता। सरपंच ने बताया कि ये जो टंकी बन रहा है यही ग्रामीणो के लिए आस बना हुआ है। टंकी का काम कब पूरा हो तो कब शुद्ध पानी गांव को मिले।



# राजिम मंडल में हुआ पौधारोपण और विकास कार्यों का किया गया भूमिपूजन

**राजिम।** विधायक रोहित साहू के जन्मदिवस के अवसर पर राजिम मंडल के अध्यक्ष रिकेश साहू, महामंत्री जितेंद्र पेंदरिया, रेणुका साहू, आकाश राजपूत, भारत यादव व समर्थकों ने क्षेत्र के सैकड़ों गाँवों में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया, वहीं लाखों रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण कर जनसरोकारों से जुड़ी सौगातें आमजन को समर्पित की गईं।

इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने वृक्षारोपण को सिर्फ प्रतीकात्मक कार्यक्रम नहीं, बल्कि पर्यावरण रक्षा का संकल्प माना। प्रत्येक गाँव में पौधे रोपित कर उनकी देखरेख का जिम्मा कार्यकर्ताओं ने स्वयं लिया। विधायक रोहित साहू की टीम द्वारा हर गाँव में पौधों की आपूर्ति की गई और उनके संरक्षण के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया गया। जन्मदिन को जनसेवा, पर्यावरण संरक्षण और विकास पर्व के रूप में मनाते हुए कार्यकर्ताओं ने विकास कार्यों का भूमिपूजन स्वयं किया। कार्यकर्ताओं ने भावुक होकर कहा कि यह पहला मौका है जब किसी विधायक ने कार्यकर्ताओं को इतनी बड़ी जिम्मेदारी और सम्मान दिया है। इससे कार्यकर्ताओं में उत्साह और विश्वास का नया संचार हुआ है।

विधायक रोहित साहू की इस अभिनव पहल की क्षेत्रवासियों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने सराहना की है। सभी ने उनके दीर्घायु और यशस्वी जीवन की कामना करते हुए उनके नेतृत्व में क्षेत्र के सतत विकास के प्रति विश्वास जाहिर किया है।



## एक पेड़ मां के नाम अभियान की हुई शुरूआत

**छुईहा बेलर।** विधायक रोहित साहू के जन्मदिन के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अभियान के तहत मां के नाम एक पेड़ सहकारी समिति अध्यक्ष एंव कर्मचारी ने समीति परिषर एंव ग्राम पंचायत चरौदा सरपंच गजानंद साहू, उपसरपंच सुरज पटेल ने शुभारंभ किया गया।

इस मौके पर अध्यक्ष सहकारी समिति चरौदा इतवारी राम सिन्हा, सरपंच गजानंद साहू, उपसरपंच सुरज पटेल,भागवत सिन्हा,आसकरण दिवान, इंदू राम यादव, पोषणलाल पटेल, अंगद राम वर्मा ,कृषि विस्तार अधिकारी लीना साहू, हेमन साहू,रूपेद्र साहू आपरेटर,संतु रविन्द्र सोमनाथ इत्यादि उपस्थित थे।



## बारूला में विकसित कृषि संकल्प अभियान सम्पन्न हुए



हरिभूमि न्यूज ▸▸ छुईहा बेलर।

भारत सरकार की किसानों को उन्नत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन विकासखंड फिंगेश्वर के ग्राम पंचायत बारूला में किया गया। जिसमें कृषि वैज्ञानिक मनीष चौरसिया, प्रवीण कुमार जांगड़े, सहायक संचालक कृषि महेश पैकरा, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी लीना साहू, पशुपालन, एवं उद्यान विभाग के अधिकारियों द्वारा अभियान में विभागीय एवं नई कृषि तकनीक की जानकारी दी गई।

कृषि वैज्ञानिक द्वारा फसल परिवर्तन, फसल अवशेष प्रबंधन, सॉइल हेल्थ कार्ड, उर्वरक एवं कीटनाशकों के संतुलित उपयोग, प्रधानमंत्री फसल बीमा ,नव विकसित फसल किस्म, जैविक उर्वरक व कीटनाशक की विस्तृत जानकारी दी गई।

ये रहे उपस्थित

अभियान में ग्राम के सरपंच सुकदेव साहू,उत्तम सोनवानी उपसरपंच, कमलेश साहू,बली साहू,कौशल, इतवारी ध्रुव, झाड़ू राम, मानसिंह, कृपा राम साहू, देवशरण, देवचरण जांगड़े, रेखराम इंदरमन, भुनेश्वर साहू, मालती पराना, अनिता बांधे, अनसुईया साहू, कौशल्या, कामिनी, चिंता साहू,छनन्नु,बाला राम, दुर्जन देवदास,मोहन साहू, लालजी पराना पटेल, उद्यानिकी विभाग देवेन्द्र सिंह, उपस्थित थे।

## पत्रकारों ने विधायक को बुके भेंटकर किय स्वागत

**राजिम।** राजिम के पत्रकार विधायक रोहित साहू को जन्मदिन की बधाई देने उनके गृहग्राम पिपरछेड़ी गए। बधाई देने वालों में वरिष्ठ पत्रकार हरिभूमि के ब्यूरोचीफ श्यामकिशोर शर्मा, रमेश चौधरी, नीरज शर्मा, आलोक पहाड़िया, कामेश्वर गोस्वामी, प्रकाश वर्मा, अतुल अग्रवाल शामिल थे।



## आमामोरा ओंढ में सड़क निर्माण पर रोक से जनप्रतिनिधि नाराज़, आंदोलन की चेतावनी

**गरियाबंद।** जिले के सुदूर वनांचल और नक्सल प्रभावित क्षेत्र आमामोरा ओंढ में सड़क निर्माण पर अचानक लगी रोक को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों में नाराजगी है। क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम ने इस फैसले को अत्यंत निराशाजनक बताते हुए सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।



संजय नेताम ने कहा कि आमामोरा ओंढ क्षेत्र अब भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है—न सड़क है, न बिजली और न ही स्वास्थ्य सुविधा। ऐसे में जब वर्षभर पहले 20 करोड़ रुपये की लागत से धवलपुर से कुकरार तक 31 किलोमीटर की सड़क निर्माण का कार्य शुरू हुआ तो लोगों में उम्मीद की एक नई किरण जगी थी। प्रारंभिक चरण में 15 किलोमीटर सड़क पर कॉंक्रिट कार्य पूरा भी हो गया था, लेकिन अब वन विभाग ने क्लियरेंस का हवाला देकर निर्माण कार्य पर रोक लगा दी है।

**नेताम ने उठाए सवाल :** नेताम ने सवाल उठाते हुए कहा कि जब पहले विधिवत अनुमति के बाद निर्माण शुरू हुआ था, तो अब वन विभाग द्वारा पुरानी अनुमति को अमान्य कर कार्य को रोकना जनता के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि गांव में विकास का पहला कदम सड़क होती है। अच्छी सड़कों से ही शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक गतिविधियों को गति मिलती है।

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शासन-प्रशासन ने जल्द इस मामले में कोई ठोस कदम नहीं उठाया, तो क्षेत्र की जनता को सड़क के लिए सड़क पर उतरकर आंदोलन करना पड़ेगा। नेताम ने मांग की है कि शासन स्तर पर त्वरित हस्तक्षेप कर निर्माण कार्य को फिर से शुरू कराया जाए और जिन भी स्तरों पर अड़चनें हैं, उन्हें तत्काल दूर किया जाए, ताकि लंबे समय के बाद मिली विकास की उम्मीदें फिर से टूटने न पाएं।

# भूमिपूजन एवं पौधारोपण में शामिल हुए ग्रामवासी

**राजिम।** विधायक रोहित साहू के जन्मदिन के अवसर पर ग्राम जेंजरा में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पंच परमेश्वर तथा सोसायटी के पदाधिकारियो ने विकास कार्यो का भूमिपूजन एवं पौधारोपण किया। पौधारोपण करने सोसायटी के अध्यक्ष महेश साहू,उपसरपंच प्रमोद साहू,बूथ अध्यक्ष टीकाराम साहू,मंडल उपाध्यक्ष डॉ दिलीप साहू, चंद्रकुमार साहू, नेहरू साहू, झंगु साहू,जालम साहू, परदेशीराम साहू, डॉ विक्रम साहू, रामेश्वर साहू, ललित साहू,डिगेश साहू, पुरंदर साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल थे।



## बीटीआई मार्ग चौड़ीकरण का नपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

**महासमुंद।** शहर के बीटीआई रोड का चौड़ीकरण व बड़ी नाली निर्माण कार्य का नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने पुनः निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि कार्यारंभ होने के प्रथम दिवस से ही साहू ने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता तथा पारदर्शिता बरतने के निर्देश संबंधित कार्य एजेंसी को दिए। साथ ही उन्होंने प्रतिदिन कार्यों का निरीक्षण करने की बात भी कही थी। इसी क्रम में साहू ने कार्यस्थल पर पहुंचकर इंजीनियर को निर्माण में गति लाने एवं पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य करते हुए गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के सख्त निर्देश दिए। साहू ने



कहा कि शहरवासियों का यह बहुप्रतीक्षित मांग है, इस पर किसी प्रकार से लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान विभागीय अधिकारी, कर्मचारी, इंजीनियर उपस्थित थे।

## विधायक के जन्मदिन पर पौधे का रोपण



**फिंगेश्वर।** ग्राम छुईया मे सरपंच सघ के संरक्षक गजेश्वर सिन्हा के द्वारा तालाब पार मे विधायक रोहित साहू के जन्मदिवस पर एक पेड़ मां के नाम के थीम पर पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर सरपंच विद्या सिन्हा, पंचगण, भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## ओनवा में हुआ सामुदायिक भवन निर्माण का भूमि पूजन



**मुड़ागांव(कोरासी)।** छुरा विकास खण्ड के भाजपा मंडल खड़मा क्षेत्र के ग्राम पंचायत खैरझिटी के आश्रित ग्राम ओनवा में राजिमविधान सभा क्षेत्र के लाडले विधायक रोहित साहू जी के जन्म उत्सव 9 जून दिन सोमवार को 8.44 लाख रुपए के सर्व यादव समाज सामुदायिक भवन निर्माण कार्य के लिए भूमि पूजन किया गया। क्षेत्र में करोड़ों के विधायक फंड का कार्यकर्ताओं एवं प्रतिनिधियों के द्वारा भूमि पूजन किया गया और मां के नाम पर फलदार पेड़ लगाया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रतिनिधि जनपद अध्यक्ष मीरा ठाकुर, पूर्व मंडल अध्यक्ष संदीप पांडे, लक्ष्मण वर्मा, गुलशन सिन्हा महामंत्री, पुरुषोत्तम गोस्वामी ,सरपंच यशवंत ठाकुर लोहझर, ग्राम पंचायत के सरपंच, उपसरपंच,सचिव नागवंशी दीवान सहित सभी पंचगण मुख्य रूप से सर्व यादव समाज के प्रतिनिधि और समस्त ग्रामवासी इस कार्य क्रम में सामिल हुए।

# राजमहल में मनाई गई विद्या चरण शुक्ल की पुण्यतिथि



**छुरा।** राजमहल में विद्या चरण शुक्ला जी की पुण्यतिथि मनाई गई, और उनको श्रद्धांजलि दी गई। जिसमें प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बालमुकुंद मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष अब्दुल समद खान रिजवी, प्रदेश किसान कांग्रेस उपाध्यक्ष यशपेंद्र शाह, महामंत्री रमेश शर्मा, डॉ योगेन्द्र चंद्राकर, पार्षद सलीम मेमन, हरीश यादव, नयाज अहमद, नगर पंचायत उपाध्यक्ष अब्दुल शमीम खान, सोनू दीक्षित, अखिल चौबे, शैलेन्द्र दीक्षित, संदीप सोनी, राजू यादव, पार्षद शांतनु देवांगन और कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बिना अनुमति के टावर निर्माण की शिकायत कलेक्टर से

# कृषि के लिए आबंटित भूमि में अवैध टावर निर्माण पर आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

शासन द्वारा कृषि के लिए आबंटित जमीन को लीज में देकर अवैध टॉवर निर्माण की शिकायत सामने आई है। मचेवा पंचायत से बिना अनुमति के उक्त टावर निर्माण की शिकायत कलेक्टर से की गई है।

ग्राम पंचायत मचेवा अंतर्गत वार्ड क्रमांक 9, स्वामी विवेकानंद वार्ड रमनटोला में बिना एनओसी, बिना पंचायत प्रस्ताव के ही 5जी नेटवर्क के लिए मोबाइल टावर का निर्माण कार्य कंपनी के द्वारा किया जा रहा है। जिस जगह पर मोबाइल टावर का निर्माण किया जा रहा है और बताया जा रहा है कि यहां पर 5G टावर का निर्माण हो रहा है, वह जगह रियाहशी क्षेत्र में शामिल है, जहां सैकड़ों परिवार निवासरत है। वहीं शासकीय जीएडी कॉलोनी, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी और वार्ड के क्षेत्र शामिल है। इस क्षेत्र के बीचो-बीच 5G टावर के निर्माण होने की खबर सुनते ही लोगों ने इसका विरोध शुरू कर दिया, स्थानीय निवासियों के द्वारा



ग्राम पंचायत में लिखित शिकायत भी की गई है, इसके साथ ही अनुभागीय अधिकारी कार्यालय में भी इसकी शिकायत की गई है, बार-बार नोटिस के बाद भी टावर निर्माण कंपनी के द्वारा निर्माण कार्य पर रोक नहीं लगाया जा रहा है। बल्कि धड़ल्ले से प्रशासन के नाक के नीचे बिना किसी परमिशन के निर्माण कार्य को अंजाम दिया जा रहा है।

### लीज में देने का नही प्रावधान

मचेवा पटवारी शशांक चंद्राकर से मिली जानकारी के अनुसार उक्त भूमि खसरा नंबर 118/1 में आता है, जिसे जीवन यापन के लिए पवन कुमार लहरे पिता विसंभर जाति सतनामी, रकबा .04 हेक्टेयर को 1981 में उनकी दादी के नाम जीवन यापन के लिए कृषि हेतु आबंटित किया गया था। यह भूमि शासन से प्राप्त भूमि है जो कृषि भूमि मद में दर्ज है। जिसे बेचने या फिर लीज पर देने का प्रावधान नहीं।

### नियमानुसार होगी कार्रवाईः एसडीएम

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व हरिशंकर पैकरा ने बताया कि, शासकीय आबंटित कृषि भूमि पर लीज देकर अवैध निर्माण करने की शिकायत प्राप्त हुई है, पट्टे की भूमि पर बिक्री या फिर लीज का प्रावधान नहीं है, पंचनामा की कार्रवाई कराई जा रही है, यदि गलत तरीके से नियम विरुद्ध कार्य हो रहे हैं तो छत्तीसगढ़ राजस्व पट्टा वितरण कर्णिका के नियम के तहत उसमें कारवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री मोदी की सरकार ने 11 वर्ष में सफलता के नये आयाम गढ़े हैं: संतोष



**मैनपुर।** भारत के प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी ने 11 साल पूरे कर लिए प्रधानमंत्री के 11 साल के कायर्काल में देशवासियों की जिंदगी आसान हुई है कई बड़े व ऐतिहासिक फैसले, वैश्विक प्रतिनिधित्व, देश की सुरक्षा में ऐतिहासिक उपलब्धियां और देश की प्रगति के साथ ही जनाकांक्षाओं को उन्होंने पूरा करते हुए हमेशा राष्ट्र के प्रति समर्पित रहे। उनके कुशल नीतियों एवं योजनाओं से ही आज देश के हर व्यक्ति के जीवन में सकारातमक परिवर्तन स्पष्ट दिख रहा है वहीं आज भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरा है उक्त बाते भाजपा मंडल मैनपुर के अध्यक्ष संतोश यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही है। भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोश यादव ने कहा नरेन्द्र मोदी सरकार ने इन 11 वर्श मे देश के विकास मे एक नई इतिहास लिखा है सभी क्षेत्रे मे भारत तेजी से विकास किया है देश में हुए ऐतिहासिक परिवर्तन आए हैं वहीं जनहितैषी योजनाओं से आमजनों के जीवन स्तर में सुधार आया है। सार्वभौमिकता और संप्रभुता को किया सुदृढ़ जन धन योजना, यूपीआई और डिजिटल इंडिया जैसी पहलों ने भारत को पेपरलेस, लाइनलेस और टाइमलेस बनाते हुए विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाया है धारा 370 का उन्मूलन, राम मंदिर का निर्माण, तीन तलाक की समाप्ति और आतंकवाद के विरुद्ध सर्जिकल, एयर स्ट्राइक एवं ऑपरेशन सिंदूर जैसे ऐतिहासिक कार्य किये गये है प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला, एवं सौभाग्य जैसी योजनाओं ने करोड़ों परिवारों को गरिमापूर्ण जीवन देने के साथ साथ आयुष्मान भारत योजना और जन औषधि केंद्रों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवा को मुफ्त और सुलभ बनाया है।

### प्रधानमंत्री मोदी की योजनाओं से ग्रामीण महिलाएं हो रही आत्मनिर्भरः शिवांगी



**पाण्डुका।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने पिछले एक दशक में ऐतिहासिक परिवर्तन लाया है। उनकी नीतियों से भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है जिससे सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के माध्यम से देश आत्मनिर्भर और समृद्ध बनने कि दिशा में आगे बढ़ रही है। विकसित भारत में महिलाएं आत्मनिर्भर बनने इसी उद्देश्य को लेकर गरियाबंद जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 05 से जिला पंचायत सभापति श्रीमती शिवांगी चतुर्वेदी ने केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकार को आभार प्रकट करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के योजनाओ के माध्यम से देश की महीलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सरकार महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं तथा योजनाओ से परिवार और समुदाय में अपनी भूमिका को मजबूत करने का अवसर भी प्रदान किया है। जिसमें महतारी वंदन, सुकन्या समृद्ध योजना, उज्जवला योजना, बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ जैसे कई अनेक लाभकारी योजनाएं लांन्च हुई है।

### ट्रैक्टर पलटने से एक की मौत

**महासमुंद।** ट्रैक्टर पलटने से उसमें बैठे युवक की मौत हो गई। सांकरा पुलिस को उत्तर कुमार पटेल ने बताया कि 10 जून को उसका पुत्र गोपेश पटेल शाम करीब 4 बजे घर से कौशल बंजारा के साथ जाने की बात कहकर निकला था। रात को मोबाईल से उसे सूचना मिली कि एनएच 53 रोड चैनडीपा के पास एक व्यक्ति की एक्सीडेंट हुआ है। जिस पर प्रार्थी शंका के आधार पर सीएचसी पिथौरा अस्पताल पहुंचा जहां जाकर देखा कि मृतक उसका पुत्र है। पूछताछ करने पर पता चला कि उसका पुत्र बिना नंबर के ट्रैक्टर में बैठकर ड्रायवर के साथ जा रहा था। ट्रैक्ट र के चालक ने एनएच 53 रोड चैनडीपा के पास अपने तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाकर ट्रैक्टर को पलटा दिया, जिससे उसके पुत्र को गंभीर चोट आई और उसकी मौत हो गई।

# कबीरदास जातिवाद, छुआछूत, अंधविश्वास के रहे घोर विरोधीः विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

कबीर दास के 627 जयंती के अवसर पर कबीर आश्रम नवापारा में कबीर सत्संग समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक इन्द्र कुमार साहू, विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री चन्द्रशेखर साहू, नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, नवापारा भाजपा मण्डल अध्यक्ष नागेन्द्र वर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी उपस्थित रहे। सत्संग समारोह में कबीर दास जी द्वारा लिखे दोहे को भजन के रूप में मंडली द्वारा प्रस्तुत किया गया।

आश्रम के साहेब की पूजा वंदना कर कार्यक्रम प्रारंभ की गई। उक्त अवसर पर विधायक इंद्रकुमार साहू ने कहा कि कबीर दास जाति-पाती से परे समाज के विचारक थे। कबीर दास रूढ़िवादिता के सख्त खिलाफ थे। वे केवल संत ही नहीं कवि भी थे। उनके दोहे एवं कविताएं लोगो को प्रेरणा दे रहे है। 600 वर्ष पूर्व लिखी कबीर साहेब के दोहे आज भी प्रासंगिक है। कबीर दास ने समाज में व्याप्त जातिवाद, छुआछूत एवं अंधविश्वास का विरोध किया। पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि कबीरदासजी कवि एवं संत दोनों ही थे।

उनके अनुयायी सभी धर्मों के लोग है। उनके अनुयायी कबीर पंथ कहलाते है। नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने कबीरदास को सच्चा गुरु एवं ज्ञान देने वाला बताया। उन्होंने कहा कि उनकी रचना गुरुग्रंथ साहिब सत्य की खोज एवं ईश्वर की प्राप्ति का मार्ग बताता है। कबीर साहेब ने हमे भक्ति, ज्ञान एवं कर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी है। सत्संग का लाभ सैकड़ों की संख्या में उपस्थित कबीर पंथियों ने लिया।

## कबीर की शिक्षाओं में भक्ति, ज्ञान एवं कर्म पर जोरः ओमकुमारी





**ये रहे उपस्थित** : सत्संग समारोह में द्वारका साहू अध्यक्ष संचालन समिति, विचार दास अध्यक्ष कबीर संस्थान,सभापति सचिन सचदेव, रवि साहू,श्रीमति निर्मला-धीरज साहू, कन्या महाविद्यालय के अध्यक्ष लोमेश्वरीसाहू, मयाराम राम साहू, पार्षद नम्मू नारायण ध्रुव, जिला मंत्री परदेशी राम साहू, मुकुन्द मेश्राम, सौरभ जैन उपस्थित रहे।

## राशन दुकान का निरीक्षण कर खाद बीज के संबंध में की किसानों से चर्चा

# विधायक जनक ध्रुव ने किया सघन जनसंपर्क और सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव आज बुधवार को हसौदा, आमदी, जोबा, नवागढ़, धवलपुर, मैनपुर क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों का सघन जनसंपर्क कर ग्रामीणो से मुलाकात किया इस दौरान राशन दुकानो का भी विधायक ने औचक निरीक्षण किया तथा किसानों को खाद बीज के संबंध में जानकारी भी ली।

- कई मामलों में तत्काल कार्रवाई के दिए निर्देश

इस दौरान ग्रामीणो ने विधायक को बताया तीन माह का राशन एकसाथ देने की बात कही गई है और प्रतिदिन ग्रामीण अपने जरूरी कार्यो को छोड़कर राशन दुकान सुबह से पहुंच रहे है लेकिन मशीन व तकनीकि समस्या के चलते राशन नही मिल पा रहा है। दिनभर मे महज 10–12 लोगो को ही राशन मिल पा रहा है, जिसके कारण भारी भीड़ लगी हुई है इस दौरान क्षेत्र के किसानो ने बताया अभीतक डीएपी खाद नही मिला है जिसके कारण किसान परेशान है। विकल्प के तौर पर डीएपी के जगह दुसरे खाद दिया जा रहा है जिसपर तत्काल जिले के संबंधित अधिकारियों से विधायक ने फोन पर चर्चा कर जल्द समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया है।



### सती नदी पर नहीं हुई ठोस मरम्मत

ग्राम पंचायत आमदी के सरपंच आत्माराम मरकाम, उपसरपंच लोकेश नेताम, अमृत बाई, रविलाल, रामसिंह, दसरी बाई पानसिंह एवं क्षेत्र के ग्रामीणो ने विधायक को बताया कि इस क्षेत्र से धमतरी जिले मे 50 से ज्यादा यात्री वाहन चल रहे है, लेकिन अबतक सती नदी पर ठोस मरम्मत नही हुआ है पहली ही बारिश मे इस मार्ग मे सती नदी मे फिर बह जाने से परेशानी आयेगी लेकिन अबतक इस ओर ध्यान नही दिया जा रहा है। ग्रामीणो ने बताया प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पण्डरीपानी मे करोड़ो रूपए के पुल निर्माण किया जा रहा है लेकिन निर्माण कार्य को अधूरा छोड़ दिया गया है यह मार्ग फिर बंद हो जायेगा कई बार ग्रामीण पुल निर्माण की मांग कर थक चुके है लेकिन इस ओर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। विधायक जनक ध्रुव ने क्षेत्र के प्रवास के दौरान कई ग्रामीणो के घर मे जाकर मुलाकात किया उनका हाल चाल जाना और कई समस्याओं का मौके पर ही अफसरो को फोन कर समाधान किया।

# जिपं सदस्य इन्द्रजीत के हाथों हुआ नवीन तालाब का हुआ भूमिपूजन



**कोपरा।** जनपद पंचायत फिंगेश्वर अंतर्गत ग्राम लोहरसी में महात्मागांधी रोजगार गारेंटी के तहत 11 लाख 38 हजार के लागत से ग्राम रवेली सरहद से लगे आम बगीचे के पास बुधवार को जिला पंचायत सदस्य इन्द्रजीत महाडिक के हांथो सुबह 7 बजे गाँव के देवी देवताओं को स्मरण कर के विधिवत पूजा अर्चना कर भूमिपूजन किया गया। जिसके बाद गाँव के सभी मजदूरों ने श्रीफल तोड़कर नवीन तालाब का शुभारम्भ किया गया बता दे की गाँव के सरहद में तालाब बनने से बेजुबान जानवर ० आस पास के किसानो तथा ग्रामीणों को पानी की उत्तम सुविधा मिलेगी। जिला पंचायत सदस्य इन्द्रजीत महाडिक ने कहा की गांव के हर कोने में एक सर्व सुविधा युक्त तालाब होना चाहिए जिससे लोगो ० पशु पक्षियों ० पेड़ पोधो को पानी मिल सके नवीन तालाब में सभी मजदूरो को कहना चाहूँगा की भीना किसी पेड़ पौधे को नुकशान पहुंचाए कार्य करेंगे क्योकि पेड़ लगाने और उसे बड़े होने में काफी समय लगता है और पेड़ पोधे हमारे जीवन का महत्वपूर्ण अंग है सभी तालाब के चारो तरफ एक एक पेड़ जरुर लगायेंगे ताकि तलब का सौन्दर्य बना रहे और छाँव मिले आगे उन्होहे सभी को कहा की मन लगाकर काम करे और गाँव के विकास में अपना योगदान दें।

**ये रहे उपस्थित :** इस दौरान ग्राम सरपंच लोमस साहू, जनपद सदस्य नीता साहू, उपसरपंच निलेश टंडन, भाजपा मंडल कोपरा अध्यक्ष गोपी ध्रुव पूर्व, जनपद सदस्य दीपक साहू, भूतपूर्व जनपद सदस्य पोखन साहू, भुतपूर्व सरपंच घनश्याम पटेल, हरख साहू, रामदयाल टंडन, माधो यादव, जागेश्वर साहू, कोमल ठाकुर, राजकुमार यादव, सोहन साहू, सचिव ओमप्रकाश सिन्हा सहित काम में आये गाँव के मजदूरगण मौजूद रहे।

# विधायक व पूर्व सांसद ने सेंदर पहुंचकर जताया शोक, पीड़ित परिवार को दी आर्थिक सहायता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

विगत दिनों में राजिम विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सेंदर निवासी वेदप्रकाश साहू की हुई एक दुर्भाग्यजनक घटना में असामयिक मृत्यु के गमगीन परिवारों से मिलने पुर्व सरपंच रामाधार साहू के साथ क्षेत्रीय विधायक रोहित साहू,पुर्व सासंद चुन्नी लाल साहू, पुर्व जिला पंचायत सदस्य चन्द्रशेखर साहू,भाजपा नेता राजू साहू, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि ओमकार साहू, जिला भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष मनीष हरित ,सहकारी समिति अध्यक्ष बाबू लाल साहू, पहुंच कर पिडित शोकाकुल परिवार मिले ।

विधायक रोहित साहू मृतक के परिवार मुखिया प्रेम लाल,मोहन और उनके बीमार से मिलकर ढांढ़स बंधाया हुए कहा कि दुख की इस घड़ी में समाज और हम उनके साथ है। कहा कि दुख की इस घड़ी में विवेक एवं धैर्य बनाकर परिवार का पालन पोषण करे। समय बदलते देर नहीं लगती है। विधायक ने पीड़ति परिवारों के मुखिया बिमार माता भान बाई साहू,को 5 हजार वहीं भाजपा नेता राजू साहू 2 हजार की आर्थिक सहायता दी। वहीं विधायक ने स्वेच्छानुदान मद से हर संभव आर्थिक सहायता देने का आश्वासन दिया और उनके घर से घटना की संबंधित विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारी से चर्चा का शासन से मिलने वाली हर योजना का हर सम्भव शीघ्र कार्रवाई करने का निर्देश दिया।



### पुर्व सांसद ने घटना को बताया दूर्भाग्यपूर्ण

वहीं पुर्व सांसद चुन्नी लाल साहू ने घटना को दूर्भाग्यपूर्ण बताया है, उन्होंने कहा कि बिजली विभाग सहायक करने में कोई लापरवाही न करें, परिवार की मुखिया बिमार है ऐसे तत्काल राहत की उनको जरूरत है।

### ये रहे उपस्थित

इस मौके पर अध्यक्ष विद्या मंदिर समिति रामू साहू, भारत साहू, दूजलाल साहू, मदन साहू मकसुदन, नारायण साहू उपस्थित थे।

## सोंढुर सूखी, रेत ही रेत आ रही नजर

**मैनपुर/ जोबा।** आमागांव से धमतरी जिला को जोड़ने वाले मुख्य नदी सोंढुर गर्मी मे पूरी तरह सूख गया है और सिर्फ रेत ही रेत नजर आ रहा है इस तस्वीर को हमारे संवाददाता शेख हसन खान ने अपने कैमरे मे कैद किया है।



# विधायक के जन्मदिन पर मुड़ागांव में हुआ भूमि पूजन और पौधारोपण

**मुड़ागांव(कोरासी)।** भारतीय जनता पार्टी खड़मा मंडल के अंतर्गत मुड़ागांव क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों में लाखों रूपए का विकास कार्यों का भुमि पुजन किया गया एवं मां के नाम एक पेड़ के तहत पौधारोपण किया गया जिसमें क्षेत्रवासियों में प्रसन्नता पूर्वक सभी भारतीय जनता पार्टी के मंडल से लेकर पोलिंग बूथ के सभी कार्यकर्ताओं ने बहुत ही खुशी के साथ भुमि पुजन कार्यक्रम में अपना सहयोग प्रदान किया, और सम्माननीय विधायक श्री रोहित साहू जी के जन्मदिन को एक यादगार बनाने में सुबह से शाम तक गांव गांव में भुमि पुजन वृक्ष रोपण करते नजर आए। कार्यक्रम को सफल बनाने में खड़मा मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा महामंत्री पालेन्द्र साहू, जनपद सदस्य पुष्पा लता सिन्हा, मंडल मंत्री जयदीप साहू, वरिष्ठ कार्यकर्ता कैलाश साहू, सोमप्रकाश साहू, सरंपच गोवर्धन दीवान, सहित सभी के विशेष सहयोग से कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।



# विधायक के जन्मदिन पर हुआ पौधारोपण व क्रांक्रीटीकरण कार्य का भूमि पूजन

**छुईहा बेलर।** ग्राम पंचायत सिर्रीखुर्द में विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत सरपंच देवेन्द्र वर्मा, पंचगण एंव भाजपा कार्यकर्ता, ग्रामवासी ने मिलकर गत वर्ष रोहित साहू के जन्मदिन पर वृक्षारोपण किया था,उस भांति इस वर्ष भी उनके जन्मदिन पर वृक्षारोपण किया गया। और विधायक द्वारा स्वीकृत क्रांकिटीकरण का भाजपा कार्यकर्ता ने सोमवार को भुमि पुजन किया गया। विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा ने कहा वृक्षारोपण एक पेड़ मां के नाम का मूल विचार भावनात्मक और अभिनव दोनों है। यह लोगों को अपनी माँ के सम्मान में एक पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित करता है। यह सरल लेकिन शक्तिशाली विचार मातृत्व की पोषण भावना को पेड़ों की जीवन देने वाली प्रकृति से जोड़ता है।



## 125 की पुण्यतिथि पर भगवान बिरसा मुंडा को दी गई श्रद्धांजलि

# अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद शाखा का हुआ गठन

**छुरा।** क्षेत्र के समस्त आदिवासी समाज की बैठक आदिवासी समाज भवन में संपन्न हुई, जिसमें सर्वप्रथम भगवान बिरसा मुंडा के शहादत दिवस के 125 की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई और सभी की उपस्थिति में यह प्रस्ताव लिया गया है कि आदिवासी समाज द्वारा पूर्व में जितने भी विकास खंड स्तर पर संगठन थे उन्हें निरस्त किया जाता है, अब नए संगठन अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद शाखा का गठन किया गया है जिसमें विभिन्न पदाधिकारी की नियुक्ति की गई है जो इस संगठन का संचालन करेगी।



**कार्यकारिणी में ये हुए शामिल :** इसमें संरक्षक मानसिंह दीवान, अध्यक्ष ओंकार शाह पूर्व विधायक ,सलाहकार पन्नालाल धुव, विसे राम ठाकुर, अघ्घन सिंह ठाकुर, विशेषर दीवान, दुलम बाई ध्रुव, देश बाई धुव, यसवंत सोरी ,हेम नारायण धुर्वा, परदेसी राम ध्रुव ,महासचिव गंगा राम नेताम ,सचिव जागेश्वर धुव, कोषाध्यक्ष पूरन सिंह ठाकुर ,उपाध्यक्ष रणजीत सिंह ठाकुर, सह सह सचिव दिलेश नेताम,हिर उ राम धुव, हीरा सिंह ध्रुव, शारदा दीवान, माखन दीवान, महिला प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष कौशल्या ठाकुर, कर्मचारी प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष नोहर सिंह ध्रुव, तुलाराम ठाकुर, टेशु नेताम ,चपेश्वर ध्रुव, उकेश कुमार कमार, दीपक ध्रुव, थनेश्वर मांडवी, बल्हार सिंह मरकाम, विशेष आमंत्रित सदस्य यशवेंद्र शाह माहेश्वरी शाह राजमहल छुरा, लेखराज धुरवा, मीरा ठाकुर, केसरी ध्रुव, तोकेश्वरी मांझी, पूरणमल नेताम, गुलाब सिंह ठाकुर, कुलेश्वर मरकाम, निर्मल सिंह नेतामकार्यकारिणी सदस्य गण बलदाउ नेताम, निर्मल जगत,यशवंत सोरी ,कुलेश्वर दाउ, विगेद्र ठाकुर ,सेवक ठाकुर ,रामप्रसाद शांडिल्य, गजेंद्र ठाकुर ,गोपाल मरकाम, घनश्याम नागेश, कांतिलाल नागेश ,परदेसी ठाकुर ,दयालु राम , गोपी नागेश, गणेश ध्रुव, राय सिंह ध्रुव ,शिव दर्शन सिंह ठाकुर, छबिलाल ध्रुव ,वीरेंद्र ध्रुव, मनोहर ध्रुव ,हेमलाल ध्रुव, हेमलाल मरकाम, यादराम ध्रुव ,संतोष ध्रुव, दुजूराम ध्रुव, टार्जन पोते, सूरज धुव, लोकेश नेताम, शिव ध्रुव, भुवन धुव, कवल धुव, बुढ़ान धुव, संतराम ध्रुव, प्रेम सिंह ध्रुव ,भगवान सिंह ,जनक ध्रुव, प्रहलाद्र धुव, भारती ध्रुव ,प्रहलाद ध्रुव ,मनोहर धुव, आनंद राम ध्रुव, तीज राम ध्रुव,, इंद्रजीत दीवान, राघवेंद्र दीवान ,लता नागेश, डिगेश्वरी नेताम, रूपउ राम धुव, जगबाई धुव, गोदावरी दीवान,भानु ध्रुव, अशोक ध्रुव, संतोष कुमार दीवान, कुमारी बाई , ईदू दीवान,खेलन नागेश, ईश्वर सोरी ,कुलेश्वर नेताम, सोहन जगत, बहुर सिंह, केदार मरकाम,मुकेश ध्रुव, सेवक ओठी, देवशरण जगत, टूकेश नेताम, रेख राम धुव, बृज नेताम, बंशी ओटी, दिलेश्वर छेदेया, तूलेश्वर नेताम है ।

